तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 31 जुलाई 2025

4 बरसात में पर्यटकों को लुभा रहा गोमर्डा अभयारण्य का माड़ोसिल्ली जल प्रपात





## खबर संक्षेप

### मयंक मिश्रा बने रायगढ़ के नए सीएसपी



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए हैं। 2021,2022 और 2023 बैच के परिवीक्षाधीन भापुसे भारतीय पुलिस सेवाद्ध अधिकारियों को प्रशिक्षण उपरांत अस्थायी रूप से नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में मयंक मिश्रा जो अब तक सरगुजा में प्रशिक्षणरत थे, को रायगढ़ नगर पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है। वे भापुसे 2022 बैच के अधिकारी हैं। आदेश के अनुसार यह नियुक्ति आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी। राज्य सरकार द्वारा कुल आठ अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है, जिनमें दुर्ग, बस्तर, बिलासपुर, धमतरी और रायपुर जैसे जिलों में भी नई पदस्थापनाएं हुई हैं।

### युवक ने गला रेतकर की आत्महत्या

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र स्थित एमएसपी प्लांट की लेबर कॉलोनी में मंगलवार रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां 33 वर्षीय दिलीप सिंह ने चाकू से खुद का गला रेतकर आत्महत्या कर ली। वह पिछले दस वर्षों से प्लांट में इलेक्ट्रिशियन के पद पर कार्यरत था और जामगांव स्थित लेबर कॉलोनी में अकेले रह रहा था। बताया गया कि दिलीप ने रात को अपने कमरे का दरवाजा भीतर से बंद कर लिया था। सुबह तक जब दरवाजा नहीं खुलाए तो कॉलोनी के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि युवक मृत अवस्था में खून से लथपथ पड़ा है। उसके गले पर चाकू से खुदकुशी के गहरे निशान पाए गए। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया और मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि दिलीप बीते कुछ समय से मानसिक तनाव में था। पुलिस अब आत्महत्या की वजह जानने के लिए परिजनों और सहकर्मियों से पूछताछ कर रही है। घटना के बाद प्लांट कॉलोनी में मातम पसरा है।

### जिले में 765.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 30 जुलाई तक 765.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 3.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 855.4 मिली मीटर, पुसौर में 797.1, खरसिया में 691.9, घरघोड़ा में 813.7, तमनार में 548.6, लैलूंगा में 700.3, मुकडेगा में 957.9, धरमजयगढ़ में 681.9, छाल में 700.3 एवं कापू में 905.3 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# छत्तीसगढ़ का संदेश लेकर अमेरिका रवाना हुए वित्त मंत्री चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी कैबिनेट बैठक के बाद अमेरिका दौरे पर रवाना हो गए। सात दिवसीय इस विदेश यात्रा का उद्देश्य न सिर्फ अमेरिका में बसे प्रवासी छत्तीसगढ़ियों से भावनात्मक संबंधों को मजबूत करना है, बल्कि उन्हें राज्य के विकास यात्रा से जोड़कर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, संयुक्त उद्यम और स्टार्टअप के लिए प्रेरित करना भी है। वित्त मंत्री अपने प्रवास के दौरान प्रवासी छत्तीसगढ़ी भाई बहनों को मातृभूमि से जोड़ने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे। वे उन्हें इस वर्ष प्रस्तावित छत्तीसगढ़ के प्रथम एनआरआई शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करेंगे, जिससे उनका योगदान सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक क्षेत्र में सुनिश्चित हो सके। चौधरी अमेरिका में आयोजित विभिन्न बैठकों में छत्तीसगढ़ सरकार की दूरदृष्टिपूर्ण योजना छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 का परिचय भी देंगे, जिसका लक्ष्य है छत्तीसगढ़ को 2047 तक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करना। वे वहां के युवाओं, उद्यमियों, निवेशकों और शिक्षाविदों से मुलाकात कर इस विजन के साथ जुड़ने का अनुरोध करेंगे।

**खास बात**

- प्रवासी छत्तीसगढ़ियों को मातृभूमि से जोड़ने, निवेश और विकास में भागीदारी हेतु करेंगे संवाद



#### विदेशी निवेश और आर्थिक साझेदारी पर भी फोकस

यात्रा के दौरान वे अमेरिकी निवेशकों और उद्योगपतियों से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में एफडीआई संयुक्त उद्यमों और नवाचार आधारित औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर बातचीत करेंगे। इस प्रयास का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। वित्त मंत्री प्रवासी छत्तीसगढ़ी समुदाय को राज्य के आगामी रजत जयंती समारोह में शामिल होने का औपचारिक आमंत्रण भी देंगे, ताकि वे राज्य की उपलब्धियों, संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं से पुनः जुड़ सकें।

#### छात्रों और स्टार्टअप्स से जुड़ाव

इस दौरे में वित्त मंत्री अमेरिका में अध्ययनरत छत्तीसगढ़ी छात्रों के लिए एक सहयोगी संरचना विकसित करने की दिशा में काम करेंगे। साथ ही वे स्टार्टअप्स में कार्यरत या संचालन कर रहे युवाओं से चर्चा कर उनके अनुभवों को छत्तीसगढ़ में दोहराने की योजना भी साझा करेंगे। ओपी चौधरी की यह यात्रा छत्तीसगढ़ की वैश्विक पहचान को सशक्त करनेए प्रवासी प्रतिभा को जोड़ने और राज्य के आर्थिक क्षितिज को विस्तारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी पहल मानी जा रही है।

### धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज में दिखा पदचिन्ह, वन विभाग ने शुरू कर दी ट्रैकिंग

# बाघ दिवस पर बाघ के आगमन को विभाग मान रहा शुभ, ग्रामीणों की नींद गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विश्व बाघ दिवस के अवसर पर जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में एक बाघ का आगमन हुआ है। बाघों की बढ़ती संख्या और अपने क्षेत्र में उसके आने को लेकर वन विभाग इसे शुभ संकेत मान रहा है। जबकि छाल रेंज के जिन क्षेत्रों में उक्त मांसाहारी जीव के पदचिन्ह मिले हैं वहां के ग्रामीण दहशत के साए में है। हालांकि वन विभाग द्वारा उसकी ट्रैकिंग शुरू कर दी गई है।

दरअसल सुबह हाटी क्षेत्र में ग्रामीण अपने खेतों में पहुंचे तो उन्होंने एक जानवर का पदचिन्ह देखा। इसके बाद ग्रामीणों के होश उड़ गए, क्योंकि पदचिन्ह किसी बाघ का नजर आ रहा था। ऐसे में इसकी सूचना तत्काली वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने पैर के निशान के आधार पर ट्रैकिंग शुरू कर दी है। ट्रैकिंग में ग्राम हाटी के बाद पुरूंगा व सामरसिंघा बीट में भी वही पैर के निशान नजर आए। इस दौरान सामरसिंघा के जंगल में एक ही स्थान पर जंगली सुअर और बाघ दोनों के पैरों के निशान एक साथ दिखे हैं। जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि बाघ ने जंगली सुअर को पकड़ने का प्रयास भी किया होगा।



#### कोरबा वन मंडल में मिले थे पदचिन्ह

दो दिन पहले कोरबा जिले के कटघोरा वन मंडल में भी बाघ के पदचिन्ह देखे गए थे। जिसके बाद उसका फुटप्रिंट भी लिया गया था। ताकि इसकी पुष्टि की जा सके। बताया जा रहा है कि यह वही बाघ है जो हाटी तरफ से जिले में प्रवेश किया है। वर्तमान में बाघ धरमजयगढ़, छाल, घरघोड़ा रेंज कहीं भी हो सकता है। ऐसे में ग्रामीणों को सतर्क रहने कहा गया है।

#### हमारे लिए शुभ संकेत है

इस संबंध में धरमजयगढ़ डीएफओ जितेन्द्र उपाध्याय का कहना है कि बाघ का नाम सुनते ही लोग दहशत में आ जाते हैं और शुरू से ही उसे आदमखोर, खूंखार कहने लग जाते हैं। जबकि ऐसे जानवर लोगों को सौभाग्य से नजर आते हैं। बाघ जंगल में नहीं रहेगा तो और कहां रहेगा। मंगलवार को विश्व बाघ दिवस था और इस दिन अपने वन मंडल में बाघ का आगमन होना एक शुभ संकेत है। क्योंकि देश में बाघ की संख्या कम होती जा रही है और अपने जिले के जंगल में बाघ का होना अच्छी खबर है। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए वन मंडल के कई रेंज व गावों में मुनादी करा कर लोगों को अलर्ट किया जा रहा है कि वो जंगल की ओर न जाएं और घर के बाहर न सोएं। विभाग द्वारा बाघ की पुष्टि के लिए 10 ट्रैक कैमरे लगाए जा रहे हैं। मामला संवेदनशील है। लोगों और वन्यप्राणियों की सुरक्षा में कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

#### सौभाग्य से नजर आते हैं बाघ

विभाग के अधिकारी का कहना है कि अभी तक किसी ने भी बाघ को देखा नहीं है, क्योंकि ये सौभाग्य से नजर आते हैं। कई लोग पदचिन्ह को देख इसे तेंदुआ होने की भी आशंका जता रहे हैं, जबकि जानकार कह रहे हैं कि तेंदुआ इतना लंबा सफर नहीं करते। बाघ रात में शिकार की तालाश में लंबा सफर भी करता है। इस पदचिन्ह को देखकर कहा जा रहा है कि रात भर में इसने करीब 20 से 22 किमी का सफर तय किया है।

#### लगाए जा रहे 10 ट्रैप कैमरे

हाथी की तुलना बाघ छोटा होता है, इसलिए वह ड्रोन कैमरे में कैद नहीं हो पाएगा। ऐसे में बाघ की पुष्टि के लिए वन विभाग द्वारा संभावित स्थानों पर 10 ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे हैं। जिसकी हाइट तीन फीट है, ताकि अगर बाघ इन स्थानों से गुजरे तो कैमरे में पूरा आ सके। इन ट्रैप कैमरों में मेमोरी चीप भी लगा हुआ है। इसके अलावा वन विभाग की टीम भी निगरानी में लगी है। ताकि उसकी पूरी तरह से पुष्टि हो सके।

# ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरा रोड थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआए जिसमें एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहींए बाइक पर पीछे बैठी महिला और एक मासूम बच्चा हादसे में घायल हो गए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

मृतक की पहचान डभरा निवासी संजु सिदार;24 वर्ष के रूप में हुई है, जो गेरवानी में रहकर एक निजी कंपनी में काम करता था। जानकारी के अनुसार, संजु बुधवार की सुबह मिट्ठुमुड़ा स्थित अपने रिश्तेदार के घर आया हुआ था। सुबह लगभग 8 बजे वह वापस लौट रहा था कि तभी कोसमनारा बाबाधाम चौक के पास तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी16 छ 7855 ने उसे सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि संजु की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथ बाइक पर सवार मंजूर सिदार 28 वर्ष और एक मासूम बच्चा भी घायल हुए हैं। उन्हें हल्की चोटें आई हैं और प्राथमिक इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। कोतरा रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। वहीं आरोपी ट्रेलर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गयाए जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

#### हादसों का गढ़ बना क्षेत्र

परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया, क्योंकि यह क्षेत्र पहले भी कई सड़क हादसों का गवाह बन चुका है। लोगों का कहना है कि ट्रेलरों की बेलगाम रफ्तार और लापरवाही से चलाए जाने वाले भारी वाहन आए दिन जानलेवा साबित हो रहे हैंए लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।पुलिस ने ट्रेलर जब्त कर लिया है और चालक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। प्रारंभिक जांच के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

# सिसरिंगा मंदिर के पास मिली सड़ी-गली लाश, लापता युवक के होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बुधवार को सिसरिंगा के जंगल में मंदिर के पास एक व्यक्ति की सड़ी-गली लाश मिली है। आशंका जताई जा रही है कि उक्त लाश लैलूंगा के पूर्व विधायक के लापता भाई जयपाल की है। क्योंकि पुलिस ने उसके परिजनों को शिनाख्ती के लिए मौके पर बुलाया है।

दरअसल लैलूंगा विधानसभा के कांग्रेस के पूर्व विधायक चक्रधर सिंह के सबसे छोटे भाई जयपाल सिंह जोकि पंचायत सचिव हैं वो 24 दिनों से लापता थे। पूर्व विधायक द्वारा लैलूंगा थाने में उनके गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज भी कराई गई। चक्रधर सिंह द्वारा स्वयं कई बार एसपी, एएसपी से मिलकर उनके भाई को ढूंढने की गुहार लगाई गई, लेकिन रायगढ़ की सुस्त पुलिस कुछ भी सुराग नहीं ढूंढ पाई। वहीं अब सिसरिंगा के जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी मच गई है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लापता जयपाल के लोकेशन के आधार पर ढूंढने निकली पुलिस को एक सड़ी-गली लाश मिलने से यह आशंका जताई जा रही है उक्त लाश जयपाल की ही है। यही कारण है कि पुलिस ने जयपाल के परिजनों को भी मौके पर बुलाया है। हालांकि पुलिस के अधिकारी स्पष्ट रूप से कुछ भी नहीं बता रहे हैं।



**खास बात**

- 24 दिनों से लापता था लैलूंगा के पूर्व विधायक चक्रधर का भाई, जांच में जुटी पुलिस

> सिसरिंगा के जंगल में अज्ञात व्यक्ति की सड़ी-गली लाश मिली है। उक्त लाश किसकी है अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। जांच की जा रही है।
>
> **आकाश मरकाम**
> एएसपी, रायगढ़।

#### हत्या की जता रहे आशंका

कुछ सप्ताह पहले जयपाल सिंह की स्वीफ्ट डिजायर कार गेरवानी के पास जंगल में मिली थी, जिसका नंबर भी बदल दिया गया था। वहीं अब सिसरिंगा के जंगल में शव मिलने की खबर से यह मामला हत्या की ओर इशारा कर रहा है। शुरू से ही जयपाल के परिजन उसकी किडनैपिंग की आशंका जता रहे थे, लेकिन पुलिस मामले में कुछ हासिल नहीं कर पाई।

#### क्या था मामला

लैलूंगा के कटलकिया निवासी जयपाल सिंह 7 जुलाई की सुबह 7 बजे अपने स्वीफ्ट डिजायर कार से अपने बेटे को लैलूंगा स्थित स्कूल छोड़ने गए थे, जिसके बाद वापस ही नहीं आए। इसके बाद परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया और पुलिस की सुस्त कार्यशैली को देखते उसके पता बताने वालों के लिए 21 हजार रुपए के इनाम की घोषणा भी की थी।

# शासकीय भूमि घोटाला, पूर्व सैनिक की जमीन अवैध रूप से बेची गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के ग्राम खैरपुर में पूर्व सैनिक को शासन से प्राप्त शासकीय भूमि का फर्जी पंजीयन कर बिक्री करने का गंभीर मामला सामने आया है। भाजपा के युवा नेता अंशु टुटेजा ने इस पूरे मामले को उजागर करते हुए पंजीयन कार्यालय, तहसील और संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक और अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में शासन की योजनाओं का इस तरह दुरुपयोग न हो। दरअसल खैरपुर क्षेत्र की खसरा नंबर 568/2, 568/6 और 568/7 की कुल 2.889 हेक्टेयर भूमि शासन द्वारा 25 अप्रैल 1967 को एक पूर्व सैनिक को जीवन यापन के लिए शासकीय योजना के अंतर्गत आवंटित की गई थी। इस प्रकार की भूमि को न तो बेचा जा सकता है और न ही ट्रांसफर किया जा सकता है जब तक कलेक्टर की पूर्व अनुमति प्राप्त न हो। आरोप है कि रायगढ़ के व्यवसायी अमित अग्रवाल, पिता हनुमान अग्रवाल ने उक्त भूमि का फर्जी नामांतरण करवा कर 22 मई को उप पंजीयक तनोज कुमार भू.आर्य के माध्यम से भूमि की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली। यह कार्यवाही बिना पटवारी की रिपोर्ट, बिना बिक्री नकल की पुष्टि और बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के की गई।

- भाजपा नेता ने उठाई जांच की मांग

#### तहसील कार्यालय ने रद्द किया नामांतरण

जब रजिस्ट्री के बाद नामांतरण की प्रक्रिया तहसील कार्यालय पहुँची, तो तहसीलदार रायगढ़ ने प्रकरण की जांच करते हुए पाया कि यह भूमि पूर्व सैनिक को शासन से आवंटित की गई थी, जिसे बेचने के लिए कलेक्टर की अनुमति आवश्यक होती है। चूंकि ऐसी कोई अनुमति नहीं ली गई थीए इसलिए 11 जुलाई 2025 को तहसीलदार ने नामांतरण को निरस्त कर दिया। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि उप पंजीयक द्वारा की गई रजिस्ट्री में न तो चौहद्दी अंकित की गई थी, न ही किसी पटवारी से सीमांकन या बिक्री की पुष्टि कराई गई थी। यह सब दर्शाता है कि पूरी प्रक्रिया पंजीयन कार्यालय की लापरवाही या मिलीभगत से अंजाम दी गई।

#### उच्च स्तरीय जांच की मांग

शिकायतकर्ता का स्पष्ट रूप से कहा कि यह न सिर्फ एक पूर्व सैनिक के अधिकारों का हनन है बल्कि शासन की नीतियों के खिलाफ भी सीधा उल्लंघन है। उन्होंने कहा शासन द्वारा जिन पूर्व सैनिकों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए भूमि प्रदान की जाती है, उसका इस तरह से गैरकानूनी इस्तेमाल शर्मनाक है। पंजीयन कार्यालय, तहसील और अन्य अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्यवाही नहीं होती है, तो वे जन आंदोलन या कानूनी कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

### पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम की तपस्या से जन्मी सेवा की परंपरा, स्थापना दिवस आज

# बनोरा आश्रम : सेवा, साधना और समर्पण के 32 बरस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले के ग्राम बनोरा में स्थित अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट आज मानव सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, नशा मुक्ति और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक प्रेरणास्त्रोत बन चुका है। इसकी स्थापना 32 वर्ष पूर्व पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम ने की थीए जो अघोरेश्वर भगवान राम के प्रिय शिष्य रहे हैं। उनके चौदह सूत्रीय उद्देश्यों ने इस आश्रम को मानव जीवन के परिवर्तन की पाठशाला बना दिया है। बनोरा आश्रम की शाखाएं आज छत्तीसगढ़ के शिवरीनारायण, डभरा, चिरमिरी से लेकर झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश तक फैली हैं। हर जगह पीड़ित मानव की सेवा को समर्पित कार्य अनवरत जारी हैं। बनोरा और मनोरा में ट्रस्ट द्वारा स्कूलों की स्थापना की गई हैए जहां निर्धन बच्चों को निःशुल्क शिक्षाए गणवेश, छात्रवृत्ति और कोचिंग प्रदान की जाती है। शिक्षा के साथ साथ संस्कारों का समावेश भी इस संस्थान की विशेषता है। बनोरा और उसकी शाखाओं में एलोपैथिक, होम्योपैथिक, नेत्र चिकित्सा और हाइड्रोसील ऑपरेशन जैसे निःशुल्क चिकित्सा शिविरों से अब तक 2 लाख से अधिक मरीजों को लाभ मिला है। देशभर के विशेषज्ञ डॉक्टरों का सहयोग इस कार्य को और विशिष्ट बनाता है। बनोरा आश्रम में अब तक 77 से अधिक दहेजमुक्त विवाह, विधवा विवाह, नशामुक्ति अभियान और अंधविश्वास उन्मूलन जैसे कार्य संपन्न हुए हैं। आश्रम ने अब तक 208 महिलाओं को शिल्पकला में प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाया है।




#### पर्यावरण और स्वच्छता की दिशा में भी अग्रणी

आश्रम परिसर और इसके चारों ओर निरंतर वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, और निर्धन परिवारों को शौचालय निर्माण जैसी योजनाएं संचालित हैं। गौ कृषि प्रयोग, और कृषक प्रोत्साहन इस ट्रस्ट की कार्यशैली को पूर्णता देते हैं। ट्रस्ट ने महामारी के दौरान प्रधानमंत्री राहत कोष और जिला प्रशासन को 4.5 लाख रुपए से अधिक का योगदान दिया और अस्पतालों को कूलर जैसे उपकरण भेंट किए।

#### मानवता की पाठशाला

यह ट्रस्ट न केवल आध्यात्मिक विकास का केंद्र है बल्कि व्यावहारिक जीवन में चरित्र निर्माण, सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण की मिसाल बन चुका है। यहां हर व्यक्ति को जीवन के उद्देश्य की सीख मिलती है। बाबा प्रियदर्शी राम की छाया में यह आश्रम मानवता के नए अध्याय लिख रहा है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर आवेदन की अंतिम तिथि आज

**सारंगढ़।** भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ भर्ती के लिए 31 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। इच्छुक आवेदक की आयु सीमा 17.5 वर्ष से 21 वर्ष है और वायु सेना के शैक्षणिक योग्यता अंतर्गत अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ बारहवीं में 50 प्रतिशत से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसी प्रकार शारीरिक मापदंड भी पूरी करते हैं वे युवा वेबसाइट अग्निपथ वायु सीडीएसी डॉट इन में निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### पवनी में शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार

**बिलाईगढ़।** पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी बिलाईगढ़ शिवकुमार धारी के कुशल नेतृत्व में थाना बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम पवनी में छापामार कार्यवाही कर एक शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार। मुखबिर से सूचना मिला कि थाना बिलाईगढ़ के नगरपंचायत पवनी के सीताराम साहू नाम का व्यक्ति नगरपालिका पवनी के गौरा डबरी तालाब के पास भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखा है किए सूचना पर रेड कार्यवाही कर रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी सीताराम साहू पिता बलराम साहू उम्र 24 वर्ष निवासी नगर पवनी थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़' के कब्जे से कुल 22 लीटर 200 उस महुआ शराब कीमती 2220 रुपए को समक्ष गवाह के जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जिसे माएन्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### मंदिर समिति अंबेटिकरा की बैठक संपन्न

**धरमजयगढ़।** मंदिर समिति अंबेटिकरा धरमजयगढ की बैठक आहूत की गई थी। जिसमें मंदिर क्षेत्र विकास के लिए अनेक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें मंदिर परिसर में बने पांच दुकानों की नीलामी, मंदिर कैम्पस मुख्य द्वार के आगे बड़ा गड्ढा को पाटने की सहमति सर्वसम्मति से दी गई।मंदिर के आसपास सरकारी जमीन में बेजा कब्जाकर कृषि काश्त करने वाले किसानों को नोटिस देने का निर्णय लिया गया है। विगत चैत्र नवरात्र में मनोकामना ज्योति कलश दोनो भवन में लगभग पूरा भर गया था।इसको ध्यान में रखते हुए आगामी दिनों के लिए नया ज्योतिकलश भवन बनाने पर की आवश्यकता बताई गई। जिस पर निर्णय लिया गया कि सामग्री हेतु लोगों से आग्रह कर सामग्री लिया जायेगा और नए ज्योति कलश भवन का निर्माण प्रारंभ किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

### ट्रक में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कर ली लाखों के चावल की चोरी

**अकलतरा।** ट्रक में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर लाखों के चावल की चोरी कर ली गई। पुलिस को 100 से अधिक सीसीटीव्ही फुटेज खंगालने के बाद चोरों का सुराग लगा। पुलिस ने मध्यप्रदेश से दोनों चोरों को पकड़ा है। घटना में प्रयुक्त ट्रक और 600 बोरी चावल जब्त किया गया है। ट्रक में फर्जी नंबर प्लेट ,फर्जी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट एवं फर्जी लाइसेंस का उपयोग कर नगर के राइस मिल से 11 लाख 30 हजार रुपए का चावल चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने में अकलतरा पुलिस को सफलता मिली है। इस संबंध में पुलिस से यह जानकारी मिली कि नगर के रसिक बिहारी फूड प्राइवेट लिमिटेड के संचालक प्रार्थी रसिक अग्रवाल द्वारा 23 जुलाई को थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके फर्म के द्वारा 1350 बोरी चावल कीमती ग्यारह लाख बावन हजार रुपए अकलतरा से वापी गुजरात जाने के लिए छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्टर बिलासपुर से संपर्क करने पर 13 जुलाई को वापी गुजरात जाने के लिए छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट के द्वारा क्रमांक सीजी04 पीवी 2156 उपलब्ध कराया गया। उक्त वाहन का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, ड्राइवर का लाइसेंस चेक करने के बाद उक्त वाहन से 14 जुलाई को चावल लोड कर वापी गुजरात के लिए ड्राइवर छोटे लाल के साथ रवाना किया गया था।

# बरसात में पर्यटकों को लुभा रहा गोमर्डा अभयारण्य का माड़ोसिल्ली जल प्रपात



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

बरसात में गोमर्डा अभ्यारण्य का माड़ोसिल्ली जल प्रपात प्राकृतिक सौंदर्य की छटा बिखेर रहा है। घने जंगलों से घिरा यह झरना लोगों को लुभाते हुए अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इन दिनों अभ्यारण्य में लोगों की काफी भीड़ भी लग रही है।

नए जिले के रूप में सारंगढ़-बिलाईगढ़ का उदय हुआ है। यहां की प्रकृति अपनी अद्भुत विहंगम छटाओं के लिए जाना पहचाना जाता है। सारंगढ़ से करीब 10 किमी दूर स्थित गोमर्डा प्रकृति और वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक आदर्श पर्यटन स्थल है। यहां बहुत से पठारी क्षेत्र हैं। यह अभ्यारण्य अपनी खूबसूरती को समेटे जिले में पर्यटन की विश्व स्तरीय ढ़ेरों संभावनाओं को बयां कर रहा है। यह स्थल अपनी खूबसूरती की वजह से प्रदेश के साथ-साथ पड़ोसी प्रांत ओडिसा, झारखण्ड, बिहार के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। पर्यटक बारिश के मौसम में पहाड़ों पर बने प्राकृतिक झरना माडोसिल्ली में बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। क्योंकि गोमर्डा अभ्यारण्य के माडोसिल्ली जलप्रपात की खूबसूरती देखते ही बन रही है। यहां झरना करीब 80 फीट की ऊंचाई से गिरता है जो नीचे आकर अन्य कई छोटे झरने में तब्दील होता है। माडोसिल्ली मार्ग जंगलो के बीच से है। सारंगढ़ क्षेत्र का यह सबसे खूबसूरत पिकनिक स्पॉट है। यहां पहाड़ों से निकलने वाले झरने और जंगलों के बीच खूबसूरती देखते ही बनती है। हर साल यहां भारी तादाद में पर्यटकों की भीड़ रहती है।

### घूमने के लिए जीप्सी की भी है व्यवस्था

गोमर्डा अभयारण्य में पर्यटकों को परेशानी न हो इसलिए वन विभाग द्वारा जीप्सी वाहन की सुविधा बैरियर से दिया जाता है। पर्यटक सारंगढ़ के तेंदूझार व टमटोरा हर्रापारा बैरियर तक स्वयं के वाहन से पहुंच सकेंगे। दोनों बैरियर पर दो-दो वाहन बुक कर अभयारण्य की सैर कर सकेंगे। इसके लिए पर्यटकों को निर्धारित शुल्क खर्च करने होंगे। जीप्सी 30 किमी घने अभयारण्य में तीन घंटे घुमाएगी। जिसमें पर्यटक बायसन, नीलगाय, मोर, भालू, चीतल, तेंदुआ सहित अन्य वन्यजीव को नजदीक से देखकर फोटोग्राफी भी कर सकेंगे।

### जंगल सफारी की तर्ज पर किया जा रहा विकसित

रायगढ़ से करीब 60 किलोमीटर दूर सारंगढ़ में स्थित गोमर्डा अभ्यारण्य 275 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला हुआ है। यहां कई प्रकार के जंगली जानवर पाए जाते हैं। तेंदुआ, हिरण, चीतल, जंगली भैसा, नीलगाय, गौर, सांभर, मोर, सियार आदि यहां के प्रमुख हैं। इस स्थल को जंगली सफारी की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। अभ्यारण्य को देखने से ऐसा लगता है कि हम किसी दूसरे देश में आ गए है, क्योंकि यहां की फिजाएं बेहद ही खूबसूरत हैं। दूर-दूर तक हरे भरे जंगलों के बीच विचरण करते जंगली जानवर यहां आने वाले लोगों को और अधिक आकर्षित करते हैं। वन विभाग के देखरेख में गोमर्डा अभ्यारण्य छत्तीसगढ़ ही नही पूरे देश में अपनी अलग पहचान बना चुका है।

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



■ चरित्र शंका को लेकर उपजा था विवाद, मुंह और नाक दबाकर की थी हत्या

घरघोडा में पत्नी के हत्यारे का अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले का संक्षिप्त विवरण बताते हुए अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि थाना तमनार अंतर्गत ग्राम चिर्रामुड़ा निवासी अभियुक्त अनिल कुमार बेहरा जो मृतिका श्रीमती खुशबू बेहरा का पति है। न्यायालय ने पत्नी की हत्या के लिए दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है तथा अर्थ दण्ड से भी दण्डित किया है।

घटना 29/4/2022 की रात्रि अभियुक्त एवं मृतिका श्रीमती खुशबू बेहरा के मध्य चरित्र पर शंका के कारण लड़ाई झगडे. हुए और गुस्से में आकर अभियुक्त ने तकिये से मृतिका के मुंह नाक को दबा कर उसकी हत्या कर दी तथा हत्या के आरोप से बचने के लिए उसने मृतिका को पलंग से नीचे गिरने के कारण चोट आना बता कर तमनार अस्पताल में भर्ती कराया हूं, बता कर मृतिका के माता.पिता को सूचना दी। मृतिका के माता पिता तमनार अस्पताल पहुंचे तो उनकी पुत्री की मृत्यु हो चुकी थी दरअसल मृतिका श्रीमती खुशबू बेहरा की मृत्यु उसके घर में ही हो गई थी। घटना को नया रूप देने के लिए अभियुक्त ने यह साजिश रची थी जिससे मृतिका के माता.पिता अनभिज्ञ थे। किन्तु मृतिका के पोस्ट मार्टम रिपोर्ट ने अभियुक्त के किये धरे पर पानी फेर दिया और सारी पोल खोल दी पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में मृतिका की मृत्यु हत्यात्मक प्रकृति का होना बताया गया था जिसके आधार पर अभियुक्त के ऊपर पुलिस ने अपना शिकंजा कसा तो अभियुक्त ने अपनी पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया उक्त स्वीकारोक्ति एवं पोस्ट मार्टम के रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण की विवेचना आगे बढ़ाई गई तथा विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध थाना प्रभारी तमनार जी पी बंजारे ने धारा 302, 201 भारतीय दण्ड संहिता के तहत चालान तैयार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के निर्णय से संतुष्ट परिवार जनों के आंखों में आसूं छलक पड़े।

# पुसौर में सीसी लाल की याद में 53 साल से जीवित है कुश्ती की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



■ पुसौर में नागपंचमी के अवसर पर कुश्ती प्रतियोगिता

नगर पंचायत पुसौर में पिछले 53 साल से कुश्ती की परंपरा कायम है। वहां उस दौर से कुश्ती चल रही है, जब देशभर में इस प्रतियोगिता को बडे शान से खे ला जाता था। इस परंपरा को जिंदा रखने वाले स्व सीसी लाल को माना जाता है। दिवंगत लाल हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रधान पाठक थे। उनके द्वारा ही नगर पंचायत में कुश्ती प्रतियोगिता शुरू कराई गई थी।

वर्तमान उनके स्मृति में उनके पुत्र सामाजिक कार्यकर्ता किसलय के अगुवाई में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों सहित खेल व कुश्ती प्रेमियों के उपस्थिति में लगातार अति उत्साह के साथ अब तक होता रहा है। इनके अनुसार अनुसार इसकी शुरूआत 1973 से प्रारंभ हुआ है। इसी कड़ी में बिते नागपंचमी के पर्व पर नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेष साव, पार्षद मंगल साव, अभिनव स्कूल प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी, प्रधान पाठक संजीव कसेर, शिक्षक पदमन कसेर, शिक्षक अभिनव सतपथी, रेफरी विनोद गुप्ता सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता विकास होता सहित अन्य लोगों के उपस्थिति में कुश्ती का आयोजन हुआ। उक्त कुश्ती में अभिनव स्कूल, ग्राम्यभारती स्कूल तथा शासकीय हायर से. स्कूल छात्र शामिल हुए जिसमें दर्जनों कुश्ती जोड़ियों ने अपने अपने कुश्ती के पैंतरे अजमायें। उक्त कार्यक्रम सभी सहभागीयों को पुरस्कृत किया गया। कुश्ती के पूर्व वीर बजरंगी बली के तैलीय प्रतिमा के समक्ष सभी लोगों ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर आशीर्वाद लेते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई। पुरस्कार वितरण मोहित सतपथी के करकमलो से हुए, इसी बीच अपने उदबोधन में इन्होंने स्व.सीसी लाल सर द्वारा किए गए उक्त शुरूआत का सराहना करते हुए कहा कि कुश्ती बच्चों में ही नहीं बल्कि युवाओं में एक उर्जा का संचार करता है इसलिए इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए। अंत में उक्त आयोजन में सम्मिलित सभी लोगों को संबोधित करते हुये अक्षय कुमार सतपथी ने आभार व्यक्त किया।



### सफल होने के लिए परिश्रम जरुरीः रामचंद्र

**रायगढ़।** शिक्षाविद और समाजसेवी रामचंद्र शर्मा द्वारा सरकारी स्कूल के बच्चों को मोटिवेट कर ड्रेस वितरण किया गया। ज्ञात हो कि गेजामुडा पूर्व माध्यमिक शाला के बाद जोरापाली प्राथमिक शाला के छात्रों को रायगढ़ के शिक्षाविद समाजसेवी रामचंद्र शर्मा के द्वारा स्कूल यूनिफार्म वितरण किया गया है। गणवेश वितरण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार 29 जुलाई के दोपहर को किया गया। इस अवसर पर छात्रों को मोटिवेट करते हुए रामचंद्र शर्मा ने बताया कि आपको जीवन में सफल होने के लिए परिश्रम की सीढ़ी चढ़ना पड़ेगा तभी आप अपने जीवन में सफल हो पाएंगे। सामाजिक सशक्तिकरण के लिए शिक्षा जरूरी है इसीलिए सभी बच्चे अपने पढ़ाई पर ध्यान दें और गुरु आज्ञा का पालन करें। शिक्षा से ही जीवन में सकारात्मक परिवर्तन तथा समाज में बदलाव लाया जा सकता है।

# 100 बिस्तर अस्पताल के लिए कर्मचारियों की प्रशासकीय स्वीकृति से सरिया में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

■ बस स्टैंड का भी उन्नयन, सर्व सुविधायुक्त बस स्टैंड के लिए राशि स्वीकृत

**सरिया।** वित्त मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक ओपी चौधरी के विकास कार्यों की सरवत सराहना की जा रही है उम्मीद से ज्यादा कल्पना से परे विकास कार्य होने पर लोगों ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ.साथ वित्त मंत्री ओपी चौधरी को बधाई देने के लिए तांता लगा है जैसे ही प्रशासकीय स्वीकृति की सूचना मिली एअंचल में हर्ष व्याप्त है।

रायगढ़ विधानसभा के सरिया में 100 बिस्तर की अस्पताल के घोषणा के बाद प्रशासन ने यहां सभी प्रकार के विषय विशेषज्ञ डॉक्टरों की एवं समस्त स्टाफ कर्मचारी की 94 पद स्वीकृत किए जाने पर सरिया क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। बिगत दिनों वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने सरिया में 100 बिस्तर अस्पताल की घोषणा की थी। जिस पर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए यहां 100 बिस्तर अस्पताल उन्नयन में विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ 94 कर्मचारियों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इस बात की जानकारी जब नगर एवं अंचल में हुई तो लोगों ने विकास दूत ओपी चौधरी को बधाई देने एसाधुवाद देने का तांता लग गया है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने बताया कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अनेक विकास की सौगात दी है। पहले अपेक्स बैंक एइसके बाद रजिस्ट्री कार्यालय और अब 100 बिस्तर अस्पताल के साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम एवं टेक्नीशियन सहित 94 कर्मचारियों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने बताया कि बिगत दिनों सरिया में 100 बिस्तर अस्पताल निर्माण के लिए सारंगढ़ बिलाईगढ़ कलेक्टर संजय कन्नौजे एवं राजस्व विभाग की टीम के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया के पीछे पर्याप्त भूमि होने पर स्थल चयन किया गया। इस संबंध में नगर पंचायत सरिया द्वारा प्रस्ताव पारित कर प्रशासन को प्रेषित भी किया गया है। कमलेश अग्रवाल ने बताया कि इसके साथ ही साथ सरिया में पुराना बस स्टैंड का उन्नयन सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड का भी निर्माण होगा। इसके लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने एक करोड़ 39 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। आने वाले दिनों में और भी अनेक विकास के कार्य होंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल सहित पार्षद गणों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी को साधुवाद देते हुए विकास दूत से नवाजा है।

परदेसी प्रधान, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा सरिया ने कहा कि सरिया क्षेत्र काफी वर्षों से पिछड़ा हुआ था। यहां कभी किसी ने विकास को महत्व नहीं दिया। वित्तमंत्री ओपी चौधरी और हमारे लाडले विधायक ने सरिया में विकास की गंगा बहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल्पना से परे, उम्मीद से ज्यादा विकास कार्य होने से अंचल वासी वित्त मंत्री ओपी चौधरी की सर्वत्र सराहना कर रहे हैं।

# श्याम भक्ति में डूबे श्रोता लिया कीर्तन का आनंद

**खरसिया।** खरसिया में एक परिवार द्वारा भजन संध्या का आयोजन करवाया गया, जिसमे बाबा श्याम का मनमोहक दरबार बनाकर बाबा के शीश को स्थापित किया गया। वही आयोजको की शानदार व्यवस्था की बदौलत हजारों भक्तो ने भक्तिमय वातावरण में भजनो का आनंद लिया इसके साथ ही सभी भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया। अर्जी हमारी मर्जी तुम्हारी, जिसमे देश के प्रसिद्ध भजन गायको का आगमन बीती रात खरसिया नगर में हुआ। जिसमे प्रमुख रूप से शिवानी शर्मा ग्वालियर सौरभ शर्मा कोलकाता अजहर अली खाटूधाम श्रेया अग्रवाल, कोरबा अभिषेक अग्रवाल खरसिया ये सभी लोग देश के प्रख्यात भजन गायक है, इन सभी ने श्याम कीर्तन कर बाबा के भजनों से भक्तों को रिझाया और एक से बढ़कर एक भजनों की संध्या से भक्तों को कभी थिरकाय तो कभी भाव विभोर कर दिया।

# कलेक्टर ने बालक छात्रावास का किया आकस्मिक निरीक्षण



**सरसीवा।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने मंगलवार को प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास पवनी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रहे कक्षा 9वीं के एक छात्र से कहा कि अब तक पढ़ाई को कॉपी में लिखे क्यों नहीं हो। वहीं दूसरे छात्रों से पढ़ाई, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा किया।

कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने विशेष रूप से गणित विषय पर छात्रों से संवाद किया और उनकी नोटबुक की जांच की। एक छात्र की गणित की कॉपी देखकर उन्होंने उसकी सुंदर हैंडराइटिंग की सराहना भी की। साथ ही अंग्रेजी की नोटबुक और पढ़ाई की गुणवत्ता को लेकर भी जानकारी ली। मध्यान्ह भोजन योजना की स्थिति जानने के लिए भी कलेक्टर ने छात्रों से सीधे पूछताछ की और उनकी संतुष्टि का आकलन किया। निरीक्षण के समय छात्रावास अधीक्षक अनुपस्थित पाए गए। छात्रावास की क्षमता 50 बिस्तरों की है, लेकिन निरीक्षण के दौरान केवल 16 बच्चे ही उपस्थित मिले। बताया गया कि कुछ छात्र छुट्टी में अपने घर चले गए हैं। इस दौरान बिलाईगढ़ एसडीएम वर्षा बंसल, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू, पटवारी जीवनलाल साहू और राजस्व निरीक्षक भी उपस्थित थे।

# पुलिस के प्रयास से गुम हुई स्कूली बच्ची मिली

**पुसौर।** पुसौर थाना क्षेत्र से लगभग 3 किमी दूर स्थित ग्राम छींच के शासकीय प्राथमिक शाला के कक्षा पहली में अध्ययनरत लगभग 5 वर्षीय छात्रा 2 बजे से अपने स्कूल में नहीं थी जबकि वह 10 बजे स्कूल पहुंच कर मध्यान्ह भोजन के बाद थोडी देर रही थी। स्कूल बंद होने के बाद स्कूल प्रबंधन ने संबंधित छात्रा के परिजन को उक्त छात्रा नहीं मिलने की सूचना दिया। उक्त सूचना के बाद उसके परिजन आसपास खोजबीन की और जब नहीं मिली तो लगभग 7 बजे थाना आकर इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी रामकिंकर यादव उसी समय हाईकोर्ट से वापस आए थे जो मामले की नजाकत को देखते हुए तत्काल रायगढ़ से सुरक्षा टीम बुलाकर कई टीम बनाए और खोजबीन प्रारंभ करवाया। इसमें सहायक उप निरीक्षक कुंदन गौर का भी एक टीम रहा जो खेत में उक्त छात्रा के चप्पल होने की जानकारी दी।

## अमेरिका से लौटी डॉ. विभा ने शुरू किया इको फ्रेंडली बैग्स का मिशन

# विदेश की चमक छोड़ी, देश की मिट्टी को चुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



11 साल विदेश में काम करने के बाद, जब डॉ. विभा जायसवाल ने भारत लौटने का निर्णय लिया, तब उनके मन में केवल एक उद्देश्य था अपने देश अपने लोगों और अपने पर्यावरण के लिए कुछ सार्थक करना। अमेरिका में बतौर एक्यूपंचरिस्ट 56 देशों की यात्रा करने के बाद उन्होंने रायगढ़ की धरती को चुना और यहां के बीड़पारा से एक नई शुरुआत की।

भारत लौटने के बाद डॉ. विभा ने देखा कि प्लास्टिक प्रदूषण एक विकराल समस्या बन चुका है। शासन प्रशासन लगातार इसके खिलाफ अभियान चला रहा है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर बदलाव की रफ्तार धीमी थी। यही सोच उन्हें प्रेरित करती रही और उन्होंने अपने भाई जॉनी जायसवाल के साथ मिलकर इको फ्रेंडली बैग्स प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की। रायगढ़ के मिट्ठूमुड़ा में उन्होंने इको फ्रेंडली बैग निर्माण की इकाई स्थापित की। इस अभियान में उन्हें विजयलक्ष्मी समाज कल्याण समिति की माया दत्ता का भी सहयोग मिला, जो पिछले 22 वर्षों से समाजसेवा में सक्रिय हैं। मिलकर दोनों ने रायगढ़ और सारंगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों की सैकड़ों महिलाओं को इस पहल से जोड़ा, जिससे उन्हें न सिर्फ स्थायी रोजगार मिला, बल्कि सम्मान और आत्मनिर्भरता भी हासिल हुई।

### इको फ्रेंडली बैग्स की अग्रणी निर्माता बनी अनवीज

आज अनवीज कंपनी नॉन वॉवन बैग्स, जुट बैग्स और पेपर बैग्स की प्रमुख निर्माता बन चुकी है। ये बैग्स शॉपिंग, घरेलू उपयोग, कॉरपोरेट गिफ्टिंग और ब्रांडिंग जैसे कई क्षेत्रों में प्रयोग किए जा रहे हैं। इनके उत्पादों में डी.कट बैग्स, लूप हैंडल बैग्स, बॉक्स बैग्स, डिजाइनर बैग्स, कॉर्न स्टार्च बैग्स आदि शामिल हैं। यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम है।

### 70 महिलाओं को दी आजीविका

डॉ. विभा बताती हैं कि 65 से अधिक महिलाएं सीधे तौर पर उनके कारखाने से जुड़ी हुई हैं जबकि अन्य महिलाएं गांवों में जागरूकता फैलाने और बैग निर्माण के सहायक कार्यों में लगी हैं। इन महिलाओं को प्लास्टिक के दुष्परिणामों की जानकारी देकर इको फ्रेंडली विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

